www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

1. 'इमिटेशन गेम' किसका मूल नाम था ?

(A) एल आई एस पी

(B) द ट्यूरिंग टेस्ट

(C) द हाल्टिंग प्रॉब्लम

(D) उपर्युक्त सभी

2. ट्विटर के संस्थापक हैं :

(A) जैक डोर्सी

(B) मार्क ज़ुकरबर्ग

(C) फ्रेड कैवाज़ा

(D) जॉन मैकार्थी

3. ई-गवर्नेंस के चार स्तंभ क्या हैं ?

(A) लोग, प्रक्रिया, प्रौद्योगिकी, संसाधन

(B) लोग, प्रक्रिया, प्रौद्योगिकी, सरकार

(C) चुनाव, लोग, प्रौद्योगिकी, संसाधन

(D) चुनाव, लोग, प्रौद्योगिकी, सरकार

4. UNIX ऑपरेटिंग सिस्टम का केन्द्रीय भाग कौन-सा है ?

(A) कमांड शैल

(B) कर्नल

(C) डायरेक्टरीज़ एण्ड प्रोग्राम

(D) फाइल्स

5. कुरेंटली है :

(A) सर्च इंजन

(B) सोशल नेटवर्किंग साइट

(C) ब्लॉग

(D) इंटरनेट फोरम

6. ___________ हमला भ्रामक ईमेल या टेक्स्ट संदेशों के रूप में आता है जो आपसे सॉफ़्टवेयर इंस्टॉल करने या व्यक्तिगत जानकारी प्रकट करने के लिए कह सकता है।

(A) स्पैमिंग

(B) वायरस साइनिंग

(C) फिशिंग

(D) स्कैनिंग

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

7. उन पेशेवरों और व्यावसायिक लोगों के लिए एक सोशल नेटवर्किंग साइट, जो अन्य पेशेवरों से जुड़ना चाहते हैं, है :

(A) फेसबुक

(B) माइस्पेस

(C) ट्विटर

(D) लिंक्डइन

8. इंटरनेट के क्षेत्र में, W3C का अर्थ है :

(A) वर्ल्ड वाइड वेब कन्टेंट

(B) वर्ल्ड वाइड वेब कमीशन

(C) वर्ल्ड वाइड वेब सेंटर

(D) वर्ल्ड वाइड वेब कंसोर्टियम

9. __________ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शाखा है।

(A) नेटवर्क डिज़ाइन

(B) साइबर फोरेंसिक्स

(C) फुल-स्टैक डेवलपर

(D) मशीन लर्निंग

10. MPEG का अर्थ है :

(A) मूविंग पिक्चर एक्सपर्ट्स गाइड

(B) मूविंग पिक्चर एक्सपर्ट्स ग्रुप

(C) मूविंग पिक्चर इफ़ेक्ट ग्रुप

(D) मूविंग पिक्चर इफ़ेक्ट गाइड

11. केशव चन्द्र सेन को ब्रह्म समाज का प्रधान आचार्य किसने नियुक्त किया था ?

(A) राजा राम मोहन राय

(B) एन.जी. चन्दावरकर

(C) देवेन्द्रनाथ ठाकुर

(D) महादेव गोविन्द रानाडे

12. गाँधीजी ने किस आन्दोलन के समय वेल्स के राजकुमार का बहिष्कार करने का आह्वान किया ?

(A) ख़िलाफ़त आन्दोलन

(B) असहयोग आन्दोलन

(C) सविनय अवज्ञा आन्दोलन

(D) भारत छोड़ो आन्दोलन

13. मौर्य कालीन प्रशासनिक व्यवस्था में प्रदेष्टा किस विभाग से सम्बन्धित है ?

(A) राजस्व विभाग

(B) न्याय विभाग

(C) सैन्य विभाग

(D) आर्थिक विभाग

14. के.एम. पणिक्कर ने किसके लिए कहा कि "वे आधुनिक भारत के सर्वप्रथम कूटनीतिज्ञ थे" ?

(A) दादाभाई नौरोजी

(B) लाला लाजपत राय

(C) गोपाल कृष्ण गोखले

(D) बाल गंगाधर तिलक

15. बंगला भाषा में रचित ऐतिहासिक उपन्यास 'दुर्गेश नन्दिनी' के लेखक का क्या नाम है ?

(A) देवेन्द्र नाथ

(B) बंकिम चन्द्र चटर्जी

(C) रविन्द्रनाथ टैगोर

(D) हेमचन्द्र बंदोपाध्याय

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

16. किस वेद में सभा और समिति को पृथक संस्थाओं के रूप में घोषित किया गया है ?

(A) ऋग्वेद

(B) सामवेद

(C) अथर्ववेद

(D) यजुर्वेद

17. क्षत्रिय वर्णों के उपनयन संस्कार में किस मन्त्र के सम्पादन का प्रावधान था ?

(A) जगती मन्त्र

(B) गायत्री मन्त्र

(C) सर्वेषाम मन्त्र

(D) त्रिष्टुभ मन्त्र

18. निम्नलिखित में से कौन-सा वेद सबसे अधिक प्राचीन है ?

(A) ऋग्वेद

(B) सामवेद

(C) यजुर्वेद

(D) अथर्ववेद

19. अष्टांग योग के अन्तर्गत किसे अन्तरंग साधना कहा जाता है ?

(A) प्रत्याहार

(B) नियम

(C) प्राणायाम

(D) धारणा

20. गुहा मंदिरों में सुप्रसिद्ध कैलाश मंदिर कहाँ स्थित है ?

(A) अजंता की गुफाओं में

(B) एलोरा की गुफाओं में

(C) एलिफेंटा की गुफाओं में

(D) कन्हेरी की गुफाओं में

21. नर्मदा नदी का साहित्यिक सन्दर्भ सर्वप्रथम कहाँ मिलता है ?

(A) शतपथ ब्राह्मण

(B) मनुस्मृति

(C) वराहमिहिर संहिता

(D) अग्नि पुराण

22. किस ताम्रपाषाणयुगीन स्थल को वराहमिहिर का जन्म स्थल भी कहा जाता है ?

(A) दंगवाड़ा

(B) कायथा

(C) नावदाटोली

(D) इन्द्रगढ़

23. निम्नलिखित स्वतन्त्रता सेनानियों को उनके क्रान्ति क्षेत्र से सुमेलित कीजिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | राजा मर्दन सिंह | (i) | नेमावर |
| (2) | राजा दौलत सिंह | (ii) | भानपुर |
| (3) | राजा बख्तवली | (iii) | शाहगढ़ |
| (4) | मुराद अली | (iv) | महू |

कूट :

| | (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (D) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

24. मोहनखेड़ा जैन तीर्थ निम्न में से किस जिले में स्थित है ?

(A) देवास

(B) धार

(C) बुरहानपुर

(D) खरगौन

25. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म *ग़लत* है ?

| | *अभयारण्य* | | *जिला* |
|---|---|---|---|
| (A) | बोरी | — | होशंगाबाद |
| (B) | गंगऊ | — | पन्ना |
| (C) | करैरा | — | शिवपुरी |
| (D) | घाटीगाँव | — | इन्दौर |

26. गम्मत लोकनाट्य का सूत्रधार क्या कहलाता है ?

(A) घूघरमाल

(B) ठोठ्या

(C) कुडगर्या

(D) खमरास

27. शंकर राव पंडित का सम्बन्ध किस विधा से था ?

(A) सितार वादन

(B) मृदंग वादन

(C) ख्याल गायकी

(D) कत्थक नृत्य

28. कोहबर क्या है ?

(A) वैवाहिक आनुष्ठानिक भित्तिचित्र

(B) वैवाहिक वस्त्र

(C) भोजन

(D) आभूषण

29. कुमारगुप्त और बन्धुवर्मन के दशपुर अभिलेख के सम्बन्ध में कौन-सा कथन *ग़लत* है ?

(A) इस अभिलेख में रेशम बुनकरों की श्रेणी द्वारा सूर्य मंदिर के निर्माण का उल्लेख है।

(B) यह भारत में विज्ञापन परम्परा का प्राचीनतम उदाहरण है।

(C) इस अभिलेख में दशपुर को पश्चिमपुर भी कहा गया है।

(D) इस अभिलेख की रचना भवभूति ने की थी।

30. यशोधर्मन के सौंदनी अभिलेख के रचयिता कौन हैं ?

(A) कवि मदन

(B) वासुल कवि

(C) कक्क

(D) रविकीर्ति

www.prepp.in

31. एक जलीय पारिस्थितिकी तंत्र के तालाब में, निम्नलिखित में से किस घटक का प्रतिनिधित्व कवकों, जीवाणुओं एवं फ्लैजेलेट्स के द्वारा किया जाता है?

(A) स्वपोषी घटक

(B) उपभोक्ता

(C) अपघटक

(D) अजैविक घटक

32. भारत सरकार ने जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम कब पारित किया था?

(A) 1972

(B) 1986

(C) 1990

(D) 1974

33. SDG इंडिया इंडेक्स 2018 के अनुसार, SDG 1, SDG 2 और SDG 9 क्रमशः दर्शाते हैं :

(A) कोई ग़रीबी नहीं; कोई भुखमरी नहीं; उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढाँचा

(B) कोई ग़रीबी नहीं; गुणवत्तापूर्ण शिक्षा; भूमि पर जीवन

(C) स्वच्छ जल और स्वच्छता; जलवायु कार्यवाही; सस्टेनेबल शहर और समुदाय

(D) लैंगिक समानता; जलवायु कार्यवाही; कोई भुखमरी नहीं

34. राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 ने स्वास्थ्य में सुधार के लिए सात प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर समन्वित कार्यवाही की पहचान की है। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा सात प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के अन्तर्गत ***नहीं*** है?

(A) स्वच्छ भारत अभियान

(B) यात्री सुरक्षा

(C) निर्भया नारी

(D) अन्नपूर्णा योजना

35. मनुष्यों में गुणसूत्र संख्या 21 की ट्राइसोमी के कारण होने वाला विकार है :

(A) टर्नर सिन्ड्रोम

(B) डाउन सिन्ड्रोम

(C) सुपर फीमेल सिन्ड्रोम

(D) क्लाइनफेल्टर सिन्ड्रोम

36. किस दाल का लगातार सेवन करने से लेथाइरिज्म नामक रोग हो जाता है?

(A) खेसारी दाल

(B) चना दाल

(C) मूँग दाल

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

37. ओजोन परत की मोटाई को ________ में मापा जाता है।
(A) डेसीबल
(B) डॉबसन इकाई
(C) पीपीबी
(D) पीपीएम

38. मनुष्य शरीर में ग्रीवा कशेरुकाओं की संख्या होती है :
(A) 5
(B) 7
(C) 12
(D) 33

39. मंगल ग्रह के लिए भारत का पहला अंतर-ग्रहीय मिशन किस वर्ष में सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया था ?
(A) 2013
(B) 2012
(C) 2016
(D) 2015

40. वर्ष 2017 में इसरो के किस सेटेलाइट लॉन्च व्हीकल के द्वारा एक ही फ्लाइट में 104 सेटेलाइट सफलतापूर्वक लॉन्च किए गए थे ?
(A) इनसैट – 3डीआर
(B) पीएसएलवी – सी55
(C) जीएसएलवी – एफ12
(D) पीएसएलवी – सी37

41. रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?
1. यह मध्यप्रदेश में मिलेट (मोटा अनाज) को प्रोत्साहित करती है।
2. यह पूरे मध्यप्रदेश में लागू है।
3. यह योजना 2023 – 24 से 2025 – 26 तक की अवधि की है।
(A) केवल 1 और 2 सही हैं।
(B) केवल 1 और 3 सही हैं।
(C) केवल 2 और 3 सही हैं।
(D) 1, 2 तथा 3 सही हैं।

42. वर्ष 2024 में भारत के राष्ट्रपति द्वारा निम्नलिखित में से किसको राज्यसभा के 12वें सदस्य के रूप में नामित (मनोनीत) किया गया ?
(A) गुलाम अली
(B) इलैयाराजा
(C) सुधा मूर्ति
(D) सतनाम सिंह संधू

2013
2019
2023

43. मध्यप्रदेश के पैरा-कैनो खिलाड़ी कौन हैं जिन्हें 2023 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था ?
(A) ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर
(B) पुखरामबम सुशीला चानू
(C) प्राची यादव
(D) शिवेंद्र सिंह

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

44. निम्नलिखित में से किसको वर्ष 2024 में भारत के लोकपाल के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है ?

(A) श्री न्यायमूर्ति संजय यादव

(B) श्री न्यायमूर्ति लिंगप्पा नारायण स्वामी

(C) श्री न्यायमूर्ति पिनाकी चन्द्र घोष

(D) श्री न्यायमूर्ति अजय माणिकराव खानविलकर

45. विश्व की पहली "वैदिक घड़ी" कहाँ पर स्थापित है ?

(A) वाराणसी

(B) प्रयागराज

(C) उज्जैन

(D) भोपाल

46. जनवरी से मार्च, 2024 में भारत और इंग्लैंड के मध्य सम्पन्न पाँच टेस्ट मैचों की क्रिकेट श्रृंखला में विजयी रहा :

(A) भारत, 3 – 2 से

(B) भारत, 4 – 1 से

(C) इंग्लैंड, 3 – 2 से

(D) इंग्लैंड, 4 – 1 से

47. निम्नलिखित में से कौन पारंपरिक माच गायन शैली से सम्बद्ध है ?

(A) कालूराम बामनिया

(B) सत्येंद्र सिंह लोहिया

(C) भगवतीलाल राजपुरोहित

(D) ओम प्रकाश शर्मा

48. सांख्यिकी में 2023 के अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार, जिसे गणित के नोबल पुरस्कार के बराबर माना जाता है, उसके प्राप्तकर्ता कौन हैं ?

(A) डेविड आर. कॉक्स

(B) ब्रैडली एफ्रॉन

(C) कल्यम्पुडी राधाकृष्ण राव

(D) नान लेयर्ड

49. वर्ष 2024 में एफ.आई.डी.ई. कैंडिडेट्स टूर्नामेन्ट जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी कौन बने ?

(A) विश्वनाथन आनंद

(B) गैरी कास्पारोव

(C) डी. गुकेश

(D) डिंग लिरेन

50. लमहेटा गाँव किस जिले में स्थित है, जहाँ जियो पार्क की स्थापना की जानी है ?

(A) भोपाल

(B) जबलपुर

(C) इंदौर

(D) ग्वालियर

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

51. मध्यप्रदेश सरकार द्वारा आदिवासी, लोक व पारंपरिक कलाओं के लिए महिलाओं को कौन-सा सम्मान दिया जाता है ?

(A) राष्ट्रीय कबीर सम्मान

(B) राज्य स्तरीय शिखर सम्मान

(C) राष्ट्रीय देवी अहिल्या सम्मान

(D) राष्ट्रीय तुलसी सम्मान

52. बिरहा किस आदिवासी जनजाति की महिलाओं का लोकप्रिय लोकगीत है ?

(A) गोंड

(B) कोल

(C) भील

(D) सहरिया

53. मध्यप्रदेश में आदिवासियों के लिए स्वरोजगार योजना किनके नाम से चल रही है ?

(A) दलपति शाह

(B) टंट्या भील

(C) बिरसा मुंडा

(D) रघुनाथ शाह

54. भारतीय साहित्य में जनजातीय जीवन की सांस्कृतिक परंपरा और विशिष्टताओं पर लेखन के लिए कौन-सा सम्मान दिया जाता है ?

(A) ठक्कर बापा राष्ट्रीय सम्मान

(B) वीर शंकर शाह – रघुनाथ शाह राष्ट्रीय सम्मान

(C) रानी दुर्गावती राष्ट्रीय सम्मान

(D) राष्ट्रीय देवी अहिल्या सम्मान

55. जनजातीय कार्य विभाग प्रकाशन प्रतिष्ठान 'वन्या' का स्थापना वर्ष है :

(A) 1965

(B) 1970

(C) 1975

(D) 1980

56. महानायक टंट्या 'मामा' किस आदिवासी जनजाति से संबंधित है ?

(A) कोल

(B) गोंड

(C) भील

(D) भारिया

57. स्वर्गीय श्री बादल भोई कौन थे ?

(A) प्रसिद्ध आदिवासी समाजसेवी

(B) प्रसिद्ध आदिवासी संगीतकार

(C) प्रसिद्ध आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी

(D) प्रसिद्ध आदिवासी कलाकार

58. भिम्मा जनजाति के लोग मध्यप्रदेश के किन जिलों में निवास करते हैं ?

(A) बैतूल व छिंदवाड़ा

(B) मंडला व डिंडौरी

(C) रीवा व सतना

(D) सीधी व शहडोल

59. मांडवरा त्यौहार __________ द्वारा मनाया जाता है।

(A) गोंड

(B) बैगा

(C) भारिया

(D) सहरिया

60. स्वतन्त्रता सेनानी रघुनाथ सिंह मण्डलोई __________ से सम्बन्धित हैं।

(A) भारिया जनजाति

(B) भिलाला जनजाति

(C) कोरकू जनजाति

(D) बैगा जनजाति

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

**61.** निम्नलिखित में से किस मामले में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने दोनों में संघर्ष की स्थिति में राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों पर मौलिक अधिकारों की व्यापकता की घोषणा की ?

(A) गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य (1967)

(B) मद्रास राज्य बनाम चंपकम दोराईराजन (1951)

(C) केशवानन्द भारती बनाम केरल राज्य (1973)

(D) मिनर्वा मिल्स बनाम भारत संघ (1980)

**62.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही *नहीं* है ?

(A) मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों के बीच मतभेद की स्थिति में, मामले का निर्णय विधि आयोग द्वारा किया जाता है।

(B) चुनाव आयुक्त को मुख्य चुनाव आयुक्त की सिफारिश के अलावा उनके पद से हटाया नहीं जा सकता है।

(C) मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों को समान शक्तियाँ प्राप्त हैं।

(D) चुनाव आयुक्त का कार्यकाल उनके पद ग्रहण करने की तिथि से छह वर्ष या उनके 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो, होता है।

**63.** संविधान में संशोधन के लिए कम-से-कम आधे राज्यों के विधान मंडलों द्वारा अनुसमर्थन की आवश्यकता होगी :

(A) यदि ऐसा संशोधन अनुच्छेद 53 में कोई परिवर्तन करना चाहता है।

(B) यदि ऐसा संशोधन अनुच्छेद 239-क में कोई परिवर्तन करना चाहता है।

(C) यदि ऐसा संशोधन अनुच्छेद 243-क में कोई परिवर्तन करना चाहता है।

(D) यदि ऐसा संशोधन अनुच्छेद 279-क में कोई परिवर्तन करना चाहता है।

**64.** पंचायतों को सौंपी जा सकने वाली शक्तियों, अधिकार और जिम्मेदारियों की सूची __________ में दी गई है।

(A) ग्यारहवीं अनुसूची

(B) बारहवीं अनुसूची

(C) सातवीं अनुसूची

(D) राज्य सूची

**65.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. कानूनी मामलों पर राज्य सरकार को सलाह देना महाधिवक्ता का कर्तव्य होगा।

2. महाधिवक्ता मंत्रिमंडल के प्रसादपर्यंत पद पर बने रहेंगे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(A) केवल 1

(B) केवल 2

(C) 1 और 2 दोनों

(D) न तो 1 और न ही 2

**66.** अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान __________ में है।

(A) नई दिल्ली

(B) हैदराबाद

(C) भोपाल

(D) जबलपुर

Prepp
Your Personal Exams Guide

**67.** निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद भारत के राष्ट्रपति पर महाभियोग के बारे में बताता है ?

(A) अनुच्छेद 63

(B) अनुच्छेद 62

(C) अनुच्छेद 61

(D) अनुच्छेद 60

**68.** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 76 के अनुसार, राष्ट्रपति उस व्यक्ति को भारत का महान्यायवादी (अटॉर्नी जनरल) नियुक्त करेगा :

(A) जो उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त होने के योग्य है।

(B) जो कम-से-कम सात वर्षों तक सर्वोच्च न्यायालय का अधिवक्ता रहा हो।

(C) जो उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त होने के योग्य है।

(D) जो कम-से-कम सात वर्षों तक उच्च न्यायालय का अधिवक्ता रहा हो।

**69.** के.एम. मुंशी ________ से संबंधित थे।

(A) लोक लेखा समिति

(B) संविधान प्रारूप समिति

(C) प्रस्तावना समिति

(D) हिंदू कोड बिल मसौदा समिति

**70.** भारत के राष्ट्रपति किसकी सलाह पर अनुच्छेद 352 के तहत आपातकाल की घोषणा कर सकते हैं ?

(A) सभी राज्यों के मुख्यमंत्री

(B) प्रधानमंत्री

(C) संघ मंत्रिमंडल

(D) मंत्रिपरिषद्

**71.** भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, भोपाल की स्थापना किस देश की एक कम्पनी के सहयोग से हुई थी ?

(A) जर्मनी

(B) फ्रांस

(C) रूस

(D) ब्रिटेन

**72.** वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, किस जिले में नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत सर्वाधिक है ?

(A) इंदौर

(B) ग्वालियर

(C) भोपाल

(D) जबलपुर

**73.** निम्नलिखित में से कौन-सी सिंचाई परियोजना में चार राज्यों की भागीदारी है ?

(A) बाणसागर परियोजना

(B) भांडेर परियोजना

(C) राजघाट परियोजना

(D) सरदार सरोवर परियोजना

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

74. 2021 – 22 के अनुसार, मध्यप्रदेश में क्षेत्रफल एवं उत्पादन की दृष्टि से अनाजों में गेहूँ का कौन-सा स्थान है ?

(A) तृतीय

(B) चतुर्थ

(C) द्वितीय

(D) प्रथम

75. मध्यप्रदेश के किस जिले में सोयाबीन का उत्पादन प्रारम्भ हुआ था ?

(A) इंदौर

(B) उज्जैन

(C) विदिशा

(D) देवास

76. रॉक फॉस्फेट का उपयोग निम्नलिखित में से किस उद्योग में किया जाता है ?

(A) वस्त्र उद्योग

(B) उर्वरक उद्योग

(C) चीनी उद्योग

(D) कागज उद्योग

77. मध्यप्रदेश के दक्षिण-पूर्वी भाग में अधिकांश वर्षा किसके द्वारा होती है ?

(A) मानसून की अरब सागर शाखा से

(B) मानसून की बंगाल की खाड़ी शाखा से

(C) लौटते हुए मानसून से

(D) चक्रवातों से

78. मध्यप्रदेश में काली मिट्टी का निर्माण किस चट्टान के द्वारा हुआ ?

(A) बलुआ पत्थर

(B) चूना-पत्थर

(C) बेसाल्ट

(D) नीस

79. विन्ध्यन स्कार्पलैण्ड का दक्षिणी भाग क्या कहलाता है ?

(A) अमरकंटक पठार

(B) मैकाल पठार

(C) भाण्डेर पठार

(D) बस्तर पठार

80. मध्यप्रदेश में बाँस का राष्ट्रीयकरण कब हुआ था ?

(A) 1975

(B) 1964

(C) 1973

(D) 1963

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

81. वर्ष 2021 में निम्नलिखित में से कौन-सा चक्रवात भारत के पश्चिमी तट पर आया था ?

(A) अम्फान

(B) तौक्ते

(C) मिचौंग

(D) फानी

82. जनगणना वर्ष 2011 के अनुसार, भारत के निम्नलिखित राज्यों में से कौन-से राज्य में जनसंख्या घनत्व सबसे कम रहा था ?

(A) त्रिपुरा

(B) अरुणाचल प्रदेश

(C) मिज़ोरम

(D) मेघालय

83. निम्नलिखित पर्वत चोटियों को, उनकी ऊँचाई के आधार पर, अवरोही क्रम में क्रमबद्ध कीजिए :

(i) गुरु शिखर

(ii) महेन्द्रगिरि

(iii) अनाईमुड़ी

(iv) पंचमढ़ी

(A) (iii), (i), (ii), (iv)

(B) (i), (iii), (iv), (ii)

(C) (ii), (i), (iii), (iv)

(D) (iv), (ii), (i), (iii)

84. निम्नलिखित युग्मों का मिलान करते हुए सही कूट की पहचान कीजिए :

| नदियाँ | | उद्गम क्षेत्र | |
|---|---|---|---|
| (1) | कावेरी | (i) | सतपुड़ा श्रेणी |
| (2) | साबरमती | (ii) | ब्रह्मगिरि पहाड़ियाँ |
| (3) | ताप्ती (तापी) | (iii) | मेवाड़ पहाड़ियाँ |
| (4) | दामोदर | (iv) | छोटा नागपुर का पठार |

कूट :

| | (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (C) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (D) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

85. निम्नलिखित में से भारत के कौन-से दो राज्यों से देश के कुल कोयला निक्षेप का 50 प्रतिशत से अधिक प्राप्त होता है ?

(i) झारखण्ड

(ii) मध्यप्रदेश

(iii) ओडिशा

(iv) छत्तीसगढ़

(A) (i) और (ii)

(B) (i) और (iii)

(C) (iii) और (iv)

(D) (ii) और (iii)

86. वर्ष 2021 – 22 में भारत में दालों के उत्पादन में किस राज्य का प्रथम स्थान रहा ?

(A) उत्तर प्रदेश

(B) राजस्थान

(C) मध्यप्रदेश

(D) गुजरात

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**87.** निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य, बॉक्साइट का सबसे बड़ा भण्डार रखता है ?

(A) आन्ध्र प्रदेश

(B) ओडिशा

(C) झारखण्ड

(D) गुजरात

**88.** निम्नलिखित में से वर्ष 2021 – 22 में भारत का कौन-सा राज्य, चावल का सबसे बड़ा उत्पादक रहा ?

(A) पंजाब

(B) बिहार

(C) तेलंगाना

(D) पश्चिम बंगाल

**89.** निम्नलिखित में से कौन-सी सबसे लम्बी नदी है ?

(A) कावेरी

(B) ताप्ती (तापी)

(C) नर्मदा

(D) सोन

**90.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(A) एल नीनो एक समुद्री जलधारा है, जो पेरू तट पर प्रकट होती है।

(B) एल नीनो भारतीय मानसून को कमजोर करती है।

(C) एल नीनो घटना प्रति वर्ष घटित होती है।

(D) ला नीना भारतीय मानसून को मजबूत करती है।

**91.** जीआई टैग प्राप्त चिन्नौर चावल का उत्पादन मुख्य रूप से मध्यप्रदेश के किस जिले में किया जाता है ?

(A) उज्जैन

(B) जबलपुर

(C) सीहोर

(D) बालाघाट

**92.** मध्यप्रदेश के निम्नलिखित जिलों को उनके अनूठे उत्पाद के साथ मिलाएँ :

| *जिला* | *उत्पाद* |
|---|---|
| (1) अशोकनगर | (i) केले |
| (2) खरगौन | (ii) महेश्वरी साड़ियाँ और टाइगर प्रिंट |
| (3) बुरहानपुर | (iii) चंदेरी साड़ियाँ |
| (4) मन्दसौर | (iv) लहसुन |

सही विकल्प चुनिए :

| | (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

**93.** नीति आयोग की SDG इंडिया इंडेक्स 2020 के अनुसार, सूचकांक स्कोर रेंज के आधार पर सतत विकास लक्ष्यों में राज्यों के प्रदर्शन की विभिन्न श्रेणियों को कैसे परिभाषित किया जाता है ?

(A) आकांक्षी : 100, प्रदर्शक : 65 – 99, अग्रणी : 50 – 64, एचीवर : 0 – 49

(B) आकांक्षी : 0 – 49, प्रदर्शक : 50 – 64, अग्रणी : 65 – 99, एचीवर : 100

(C) आकांक्षी : 50 – 64, प्रदर्शक : 65 – 99, अग्रणी : 0 – 49, एचीवर : 100

(D) आकांक्षी : 65 – 99, प्रदर्शक : 50 – 64, अग्रणी : 0 – 49, एचीवर : 100

Prepp
Your Personal Exams Guide

**94.** पहला G20 शिखर सम्मेलन कहाँ और कब हुआ था ?

(A) लंदन, 2008

(B) वाशिंग्टन डीसी (यूएसए), 2008

(C) पेरिस, 2010

(D) सियोल, 2010

**95.** वैधानिक तरलता अनुपात (एसएलआर) की न्यूनतम सीमा क्या थी, जिसे भारत सरकार द्वारा 2007 में संशोधित किया गया था ?

(A) 24%

(B) 25%

(C) 27%

(D) 30%

**96.** सितम्बर 2023 के अंत में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में बाह्य ऋण का अनुपात क्या था ?

(A) 18·6%

(B) 26·3%

(C) 15·8%

(D) 30·1%

**97.** वर्ष 2017 – 18 में भारत के सभी कारखानों का कितना प्रतिशत मध्यप्रदेश में स्थित था ?

(A) 10%

(B) 5%

(C) 2%

(D) 1% से कम

**98.** वर्ष 2022 – 23 में मध्यप्रदेश और भारत की प्रति व्यक्ति आय के अग्रिम अनुमानों की स्थिर (2011 – 12) कीमतों पर तुलना करने पर हम पाते हैं कि :

(A) मध्यप्रदेश की प्रति व्यक्ति आय, भारत की प्रति व्यक्ति आय की तुलना में अधिक है।

(B) मध्यप्रदेश की प्रति व्यक्ति आय, भारत की प्रति व्यक्ति आय की तुलना में कम है।

(C) मध्यप्रदेश की प्रति व्यक्ति आय, भारत की प्रति व्यक्ति आय के बराबर है।

(D) तुलना संभव नहीं है।

**99.** मध्यप्रदेश सरकार की UNNATI (एग्री-जीआईएस) परियोजना किस लिए है ?

(A) किसानों को स्मार्टफोन खरीदने हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए।

(B) कृषि में पूर्व सूचना आधारित निर्णय लेने में सुविधा प्रदान करने हेतु उपग्रह इमेजरी और ड्रोन डेटा जैसी प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के लिए।

(C) आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए।

(D) पूरे राज्य में कृषि विश्वविद्यालयों का एक नेटवर्क स्थापित करने के लिए।

**100.** समग्र शिक्षा अभियान निम्नलिखित में से किन योजनाओं के एकीकरण से उभरा है ?

(A) सर्व शिक्षा अभियान (एसएसए) और राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन (एनएसडीएम)

(B) राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (आरएमएसए) और प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता मिशन (पीएमजीडीएलएम)

(C) सर्व शिक्षा अभियान (एसएसए), राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (आरएमएसए) और शिक्षक शिक्षा (टीई)

(D) बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान और सुकन्या समृद्धि योजना